अमर उजाला

# टीवीएस कंपनी के नकली स्पेयर पार्ट्स के साथ चार पकड़े

आगरा ब्यूरो Updated Wed, 31 Oct 2018 08:20 PM IST





डैमो

मांट (मथुरा)। टीवीएस कंपनी के नकली स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले चार दुकानदारों को कंपनी के अफसरों ने मांट पुलिस की मदद से पकड़ा है। चारों दुकानदारों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस की कार्रवाई से नकली पार्ट्स बेचने वालों में खलबली मच गई है।

टीवीएस कंपनी के मैनेजर मुजीर और ऑपरेशन मैनेजर हरीश शर्मा मथुरा पहुंचे। एसएसपी बबलू कुमार से मिलकर मांट में नकली स्पेयर पार्ट्स बिकने की जानकारी दी। एसएसपी ने मामले की गंभीरता लेते हुए तत्काल मांट पुलिस को छापा मारने के निर्देश दिए। कंपनी के अफसरों ने मांट पुलिस को ले जाकर छापामारा। पुलिस ने चार दुकानदारों को पकड़ लिया।

एसएसआई दुर्गेश कुमार ने बताया कि मांट राजा निवासी बिट्टू, सुनील, गुड्डू और लाला को पकड़ा गया है। इनकी दुकान पर नकली टीवीएस कंपनी के स्पेयर पार्ट्स मिले हैं। मैनेजर मुजीर की तहरीर पर थाना मांट में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/agra/131540997215-agra-news